# UGC NET PAPER 2 JUNE 21, 2015 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** The hominoid fossils of Hathnora is :

(1) Homo erectus (2) Homo habilis

(3) Homo sapiens (4) None of the above

**2.** The burial practice was started by :

(1) Homo sapiens (2) Homo erectus

(3) Homo neanderthalensin (4) Homo habilis

**3.** From where the largest number of copper hoards have been found ?

(1) Jodhpura (2) Bahadrabad (3) Saipai (4) Gungeria

**4.** Match **List - I** (Harappan site) with **List - II** (archaeological remains) and select the correct answer from the code given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Mohenjo - daro | (i) | Terracotta horse figurine |
| (b) | Lothal | (ii) | Terracotta spoked wheel |
| (c) | Harappa | (iii) | Horse's fossil |
| (d) | Pirak | (iv) | Fire altar |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

**1.** हथनोरा का मानवसय जीवाश्म :

(1) होमो इरेक्टस है (2) होमो हैबिलिस है

(3) होमो सैपियन्स है (4) उपरोक्त में से कोई नही है

**2.** शवाधान प्रचलन शुरु किया गया :

(1) होमो सैपियन द्वारा (2) होमो इरेक्टस द्वारा

(3) होमो निअंडरथल द्वारा (4) होमो हैबिलिस द्वारा

**3.** कहाँ पर सबसे ज्यादा संख्या में ताम्र संचय मिला है ?

(1) जोधपुरा (2) बहादराबाद (3) सईपई (4) गुनगेरिया

**4.** **सूची - I** (हड़प्पीय स्थल) को **सूची - II** (पुरातात्विक अवशेष)से सुमेलित कीजिये और दिये गये कूट का उपयोग करते हुए **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मोहनजो–दाड़ो | (i) | घोड़े की मृ.मूर्ति |
| (b) | लोथल | (ii) | मृ. अरा पहिया |
| (c) | हड़प्पा | (iii) | घोड़े का जीवाश्म |
| (d) | पिराक | (iv) | यज्ञ वेदी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

5. Who amongst the following was the first to propose that Harappan culture had developed in the Indus region itself and was not intrusive from western region ?

(1) Daya Ram Sahni (2) Rakhal Das Banerji

(3) John Marshall (4) Madho Sarup Vats

6. The earliest epigraphical evidence of Indo - European language have been found at :

(1) Bactri (2) Iraq (3) Iran (4) Syria

7. Which of the following priest composed Gayatri mantra ?

(1) Vasistha (2) Vishvamitra (3) Atri (4) Bharadwaj

8. Which of the following Vedang is associated with metrics ?

(1) Shiksha (2) Kalpa (3) Nirukta (4) Chhanda

9. The Greek settlement 'Boukephala' was situated on :

(1) Ravi (2) Chenab (3) Jhelum (4) Sindhu

10. Which of the following dynasty issued largest number of Copper coins in India ?

(1) Indo - Greek (2) Satvahana (3) Kushan (4) Gupta

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. निम्नलिखित में से सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया कि हड़प्पीय संस्कृति का विकास सिन्धु क्षेत्र में स्वत: हुआ और इसमे पश्चिम का अंतर्वेध नहीं था ?

(1) दया राम साहनी (2) राखाल दास बनर्जी

(3) जॉन मार्शल (4) माधो सरूप वत्स

6. भारोपीय भाषा का प्राचीनतम अभिलेखीय प्रमाण मिलता है :

(1) बैकट्रिया से (2) इराक से (3) ईरान से (4) सीरिया से

7. निम्नलिखित मे से किस पुरोहित ने गायत्री मंत्र का संकलन किया ?

(1) वसिष्ठ (2) विश्वामित्र (3) अत्रि (4) भारद्वाज

8. निम्नलिखित में से कौनसा वेदांग पद्यरचना से जुड़ा है ?

(1) शिक्षा (2) कल्प (3) निरुक्त (4) छंद

9. यूनानी अधिवास बुकेफला स्थित था :

(1) रावी पर (2) चेनाब पर (3) झेलम पर (4) सिन्धु पर

10. निम्नलिखित में से किस राजवंश ने भारत में सर्वाधिक तांबे के सिक्के जारी किये ?

(1) इंडो-यूनानी (2) सातवाहन (3) कुषाण (4) गुप्त

11. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the code given below :

| **List - I** (Chalukya temple) | | **List - II** (their builder) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Brahma temple | (i) | Trailokyamadevi |
| (b) | Huchchimall temple | (ii) | Lokamahadevi |
| (c) | Virupaksha temple | (iii) | Vinyaditya |
| (d) | Mallikarjuna temple | (iv) | Vijayaditya |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

12. Who amongst the following for the first time introduced a new device in Indian drama i.e. drama within a drama (garabha-nataka) ?

(1) Harsha (2) Bāṇa (3) Mayūra (4) Divakar

13. Who among the following built Kailashanath temple at Kanchi ?

(1) Narsimhavarman I
(2) Narsimhavarman II and Parmeshvaravarman II
(3) Narsimhavarman I and II
(4) Narsimhavarman II and Mahendravarman III

14. Which one of the following is **NOT** correctly matched ?

(1) Panchasidhantika = Varahamihira
(2) Brahmasutra = Aryabhatta
(3) Astang sangrah = Vāgbhata
(4) Nighantu = Dhanvantari

15. Which of the following temple is built by Bricks ?

(1) Parvati temple at Nāchana Kuthārā
(2) Lādkhān temple at Aihole
(3) Baigram temple at Dinajpur
(4) Shiva temple at Bhumra

11. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये और दिये गये कूट का उपयोग करते हुऐ **सही** उत्तर चयन कीजिये :

| **सूची - I** (चालुक्य मंदिर) | | **सूची - II** (उनके निर्माता) | |
|---|---|---|---|
| (a) | ब्रह्म मंदिर | (i) | त्रैलोक्यमादेवी |
| (b) | हुच्चीमल्ल मंदिर | (ii) | लोकमहादेवी |
| (c) | विरुपाक्षा मंदिर | (iii) | विनयादित्य |
| (d) | मल्लिकार्जुन मंदिर | (iv) | विजयादित्य |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

12. निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम भारतीय नाटक में एक नयी युक्ति नाटक में नाटक (गर्भ-नाटक) प्रारम्भ किया ?

(1) हर्ष (2) बांण (3) मयूर (4) दिवाकर

13. निम्नलिखित में से किसने कांची के कैलाशनाथ मंदिर का निर्माण किया ?

(1) नरसिंहवर्मन् I
(2) नरसिंहवर्मन् II और परमेश्वरवर्मन् II
(3) नरसिंहवर्मन् I और II
(4) नरसिंहवर्मन् II और महेन्द्रवर्मन् III

14. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है ?

(1) पंचसिद्धान्तिका = वराहमिहिर
(2) ब्रह्मसूत्र = आर्यभट्ट
(3) अष्टांग संग्रह = वागभट्ट
(4) निघण्टु = धनवंतरी

15. निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर ईंटों द्वारा निर्मित है ?

(1) नचना कुठार का पार्वती मंदिर
(2) ऐहोल का लाडखॉ मंदिर
(3) दीनाजपुर का बैग्राम मंदिर
(4) भूमरा का शिव मंदिर

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Which one of the following is **not correct** in reference to Ajanta ?

(1) Out of 28 caves, five belong to earlier then Gupta period.

(2) Cave No. XIX and XXVI are Chaitya, and the rest are Vihara.

(3) Cave No. XX and XXI are Chaitya, and the rest are Vihara.

(4) It's paintings gave secular message.

**17.** Which of the following is **not correct** in context to Kalabhra revolt ?

(1) The revolt was against Cholas

(2) It was a powerful peasant protest against land lords brahmanas

(3) They ruled for seventy five years

(4) They did not patronized Buddhist monasteries.

**18.** Medieval Indian history written in Persian language is identified as Persian historiography. It rallies a round to the :

(1) activities of masses

(2) ulema

(3) ruling classes

(4) sufi silsilahs

**19.** Which one of the following pairs is **NOT** correctly matched ?

| | **(Source)** | **(Author)** |
|---|---|---|
| (1) | Abbas khan Sarwani | Futuhati-i-sher shahi |
| (2) | Jauhar Aftabchi | Tazkirat ul Waqiat |
| (3) | Abdul Qadir Badaoni | Muntakhab ul Tawarikh |
| (4) | Firishta | Tarikh - i-Firishta |

**20.** **Taqsim** documents are same as :

(1) Arsattas

(2) Muwazana - i - dahsala

(3) Akhbarat

(4) Malfuzat

Prepp Your Personal Exam Guide

16. अजंता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा **सही नहीं** है?

(1) 28 गुफाओं में से 5 गुप्त काल के पहले की हैं।

(2) गुफा सं. XIX और XXVI चैत्य हैं, और बाकी विहार हैं।

(3) गुफा सं. XX और XXI चैत्य हैं, और बाकी विहार हैं।

(4) इसके चित्र धर्मनिरपेक्ष संदेश भी देते हैं।

17. निम्नलिखित में से कौन सा कथन कलभ्र-विद्रोह के संदर्भ में **सही नहीं** है?

(1) यह विद्रोह चोलों के विरुद्ध था

(2) यह ब्राह्मण जमींदारों के विरुद्ध किसानों का प्रबल विरोध था

(3) इन्होंने पचहत्तर वर्ष तक शासन किया

(4) इन्होंने बौद्ध संघ को संरक्षण नहीं दिया

18. फारसी भाषा में लिखा गया मध्यकालीन भारतीय इतिहास फारसी इतिहास लेखन विधा के रूप में जाना जाता है। इसका केन्द्र बिन्दु होता है :

(1) जनसाधारण की गतिविधियाँ
(2) उलेमा
(3) शासक वर्ग
(4) सूफी सिलसिले

19. निम्नलिखित युग्मों में से कौनसा युग्म सही-सुमेलित **नहीं** है?

| | **(स्त्रोत)** | **(लेखक)** |
|---|---|---|
| (1) | अब्बास ख़ान सारवानी | फुतुहात-ए-शेरशाही |
| (2) | जौहर आफताबची | तज़किरात उल वाक़िआत |
| (3) | अब्दुल क़ादिर बदायूँनी | मुन्तख़ब उल तवारीख़ |
| (4) | फरिश्ता | तारीख़ ए फरिश्ता |

20. **तक्सीम** दस्तावेज़ वैसे ही हैं जैसे :

(1) अड्सट्टा
(2) मुवाज़ना ए दहसाला
(3) अखबारात
(4) मल्फूज़ात

21. Atala mosque at Jaunpur was built by :

(1) Bahmani Sultans (2) Khalji Sultans

(3) Sharqi Sultans (4) Lodhi Sultans

22. Who amongst the following belonged to suhrawardi **silsilah** :

(1) Shaikh Bahauddin Zakaria (2) Shaikh Yahya Maneri

(3) Shaikh Ahmad Sirhindi (4) Shaikh Qutbuddin Bakhtiyar Kaki

23. Which one of the following cities was **not** a mint city in Mughal India ?

(1) Agra (2) Banswara (3) Ahmedabad (4) Ajmer

24. Sarkhej and Bayana were well known during Mughal times for their extensive cultivation of :

(1) Cotton (2) Betel leaves (3) Poppy (4) Indigo

25. Who is the first to give a description of the languages of the different regions of India and reminds us that the Hindawi is the country's lingua franca, and Sanskrit its classical language ?

(1) Albiruni (2) Ibn Batluta (3) Barani (4) Amir Khusrau

26. An equivalent of Marathi term **Deshmukh** in North India is :

(1) Karori (2) Chaudhry (3) Patel (4) Amin

27. Which of the following Mughal emperors mentions that salt is **not** available in Kashmir and is brought from Hindustan ?

(1) Babur (2) Akbar (3) Jahangir (4) Shahjahan

21. जौनपुर में अटाला मस्जिद का निर्माण करवाया था :

(1) बहमनी सुल्तानों ने (2) खिलजी सुल्तानों ने

(3) शर्क़ी सुल्तानों ने (4) लोदी सुल्तानों ने

22. निम्नलिखित में से कौन सुहरावर्दी **सिलसिले** के सूफी थे ?

(1) शेख़ बहाऊद्दीन ज़करिया (2) शेख़ याह्या मनेरी

(3) शेख़ अहमद सरहिन्दी (4) शेख़ कुतबुद्दीन बख्तियार काकी

23. निम्नलिखित में से कौन सा शहर मुगल भारत में एक टकसाली शहर **नहीं** था ?

(1) आगरा (2) बाँसवाड़ा (3) अहमदाबाद (4) अजमेर

24. सरखेज एवं बयाना मुगल काल में किस फसल के बाहुल्य के लिए प्रसिद्ध थे ?

(1) कपास (2) पान के पत्ते (3) पोस्त (4) नील

25. वह कौन था जिसने पहली बार भारत के विभिन्न क्षेत्रों की भाषाओं का विवरण दिया था और हमें ध्यान दिलाया था कि हिंद्वी देश की संपर्क-भाषा है तथा संस्कृत शास्त्रीय भाषा है ?

(1) अलबेरुनी (2) इब्न बतूता (3) बर्नी (4) अमीर खुशरो

26. मराठी शब्दावली '**देशमुख**' के समानार्थी उत्तर भारत में है :

(1) करोड़ी (2) चौधरी (3) पटेल (4) अमीन

27. निम्न में से किस मुगल शासक ने उल्लेख किया है कि 'नमक कश्मीर में उपलब्ध **नहीं** है, अत: हिन्दुस्तान से मंगवाया जाता है।' ?

(1) बाबर (2) अकबर (3) जहाँगीर (4) शाहजहाँ

**28.** Barani says about a Delhi Sultan that when he ascended the throne "the Muslims and Hindus had their hearts comforted" and notes that by 1357 the **Khuts** and **muqaddams** had become prosperous with numerous horses and cattle.

Who was this Sultan ?

(1) Alauddin Khilji
(2) Ghyasuddin Tughluq
(3) Firuz Tughluq
(4) Mohammad Tughluq

**29.** Which of the following is **not** correct about Alauddin Khalji ?

(1) He was connected with almost everything that happened in the houses of the nobles and the public markets.
(2) According to Barani, the Sultan ordered the nobles not to go each other's houses, and there were to be no intermarriages among them unless a proper permission was obtained from the Sultan.
(3) He himself gave up drinking.
(4) All the contemporary sources have made the mention of Padmini legend.

Prepp Your Personal Exam Guide

**30.** First time assignment of **pattas** to the sardars at large scale is traceable from the time of :

(1) Raja Man Singh of Amber
(2) Rao Maldeo of Jodhpur
(3) Raja Jait Singh of Bikaner
(4) Rana Kumbha of Mewar

**31.** Guru Granth Sahib includes the composition of :

(1) Guru Nanak and his successors
(2) Shaikh Farid
(3) Namdev, Kabir and Ravidas
(4) All the above

**32.** Award of title to a **noble** was a part of political culture in medieval India. Title show the noble's socio - political status in the Mughal India. Keeping in view the above statement choose from the below to whom the title of **'farzand'** (son) was awarded to :

(1) Raja Bharmal
(2) Raja Man Singh
(3) Raja Baso
(4) Raja Bir Singh Deo Bundila

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** बरनी ने दिल्ली के एक सुल्तान के बारे में वर्णन किया है कि जब वह गद्दी पर बैठा तो ''हिंदुओं तथा मुसलमानों के दिलों को राहत मिली'' तथा उसने यह भी लिखा हैं कि वर्ष 1357 तक **खोत** और **मुक्कद्दम** अमीर हो गये और उनके पास अनगिनत घोड़े और मवेशी हो गये थे

वह सुल्तान कौन था?

(1) अलाउद्दीन खिलजी

(2) गयासुद्दीन तुग़लक

(3) फिरोज तुग़लक

(4) मोहम्मद तुग़लक

**29.** अलाउद्दीन खिलजी के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा (कथन) सही **नहीं** है?

(1) वह सार्वजनिक बाज़ार तथा अमीरों के घरों में सम्पन्न होने वाली प्राय: प्रत्येक घटना के साथ जुड़ा हुआ था।

(2) बरनी के अनुसार, सुल्तान ने आज्ञा जारी की कि, शाही लोग एक दूसरे के घर नहीं जायेंगे, तथा उनके बीच तब तक अन्तर्विवाह सम्पन्न नहीं होंगे, जब तक सुल्तान से, इसके लिए विधिवत अनुमति नहीं प्राप्त हुई हो।

(3) उसने स्वयं भी शराब पीना छोड़ दिया।

(4) सभी समकालीन स्रोतों में पद्मिनी के आख्यान का उल्लेख किया गया है।

**30.** किसके समय में पहली बार बड़ी संख्या में सरदारों को **पट्टे** दिए गए?

(1) आमेर के राजा मानसिंह

(2) जोधपुर के राव मालदेव

(3) बीकानेर के राजा जैतसिंह

(4) मेवाड़ के राणा कुम्भा

**31.** गुरु ग्रंथ साहिब में किसकी रचनाएँ शामिल हैं?

(1) गुरु नानक तथा उनके उत्तराधिकारी

(2) शेख फरीद

(3) नामदेव, कबीर तथा रविदास

(4) उपरोक्त सभी

**32.** मध्यकालीन भारत में अमीर की पदवी राजनीतिक संस्कृति का एक हिस्सा थी। इस पदवी से मुगलकालीन भारत में अमीर की सामाजिक-राजनैतिक प्रतिष्ठा स्पष्ट होती थी। उपर्युक्त के अनुसार निम्नलिखित में से किसको '**फरजंद**' (पुत्र) की पदवी से प्रतिष्ठित किया गया था?

(1) राजा भारमल

(2) राजा मानसिंह

(3) राजा बासो

(4) राजा बीर सिंह देव बुंदेला

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** Identify the Mughal royal lady after whose death in 1604, many Rajput chiefs along with emperor Akbar shaved their heads :

(1) Gulbadan Begum (2) Hamida Bano Begum

(3) Maham Anaga (4) Manmati Bai

**34.** Match the **List I** with **List II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List I (Traveller)** | | **List II (Reign)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ralph Fitch | (i) | Humayun |
| (b) | Bernier | (ii) | Akbar |
| (c) | Sidi Ali Reis | (iii) | Jahangir |
| (d) | Thomas Roe | (iv) | Aurangzeb |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**35.** Match **List I** with **List II** and select the correct answer from the codes given below the lists.

| | **List I (Authors)** | | **List II (Books)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Michael H. Fisher | (i) | The Great Transformation : The Political and Economic Origins of our Times |
| (b) | A. Brewer | (ii) | Economic Development in Asian Perspective |
| (c) | Shigeru Ishikawa | (iii) | Marxist Theoris of Imperialism |
| (d) | Karl Polanzi | (iv) | The politics of British Annexation of India : 1757 - 1857 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** वह कौनसी मुग़ल राजसी महिला थी जिसकी मृत्यु के पश्चात् बहुत से राजपूत अमीरों ने अकबर के साथ अपने सिरों को मुँडवा लिया था ?

(1) गुलबदन बेग़म (2) हमीदा बानो बेग़म

(3) माहम अनगा (4) मानमती बाई

**34.** **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची-I (यात्री)** | | **सूची-II (शासन काल)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | राल्फ फिच | (i) | हुमायूँ |
| (b) | बर्नियर | (ii) | अकबर |
| (c) | सिद्दी अली रईस | (iii) | जहाँगीर |
| (d) | थॉमस रो | (iv) | औरंगज़ेब |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**35.** **सूची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I (लेखक)** | | **सूची-II (पुस्तक)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | माइकेल एच. फिशर | (i) | द ग्रेट ट्रांसफॉर्मेशन : द पॉलिटिकल एंड इकोनॉमिक ऑरिज़िन्स ऑफ अवर टाइम्स |
| (b) | ए. ब्रेवर | (ii) | इकोनॉमिक डेवलपमेंट इन एशियन पर्स्पेक्टिव |
| (c) | शिगेरू इशिकावा | (iii) | मार्क्सिस्ट थ्योरीज ऑफ इम्पीरियलिज़्म |
| (d) | कार्ल पोलान्जी | (iv) | द पॉलिटिक्स ऑफ ब्रिटिश अनेक्सेशन ऑफ इंडिया : 1757 - 1857 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** Who among the following for the first time formulated regular press laws during the rule of the British East India Company ?

(1) Lord Warren Hastings (2) Lord Cornwallis

(3) Sir John Shore (4) Lord Wellesley

**37.** Between 1886 and 1919 High Courts were established at :

(1) Bombay, Madras and Calcutta (2) Allahabad, Patna and Lahore

(3) Madras, Calcutta and Allahabad (4) Bombay, Patna and Lahore

**38.** Among the following, who was **not** with Mahatma Gandhi during the Champaran Satyagraha ?

(1) Anurudha Narain Sinha (2) Brij Kishore Prasad

(3) Rajendra Prasad (4) Ravi Shankar Vyas

**39.** Which Act provided for holding the I.C.S. recruitment examination in India ?

(1) Indian Councils Act, 1861 (2) Indian Councils Act, 1893

(3) Morley - Minto Reforms, 1909 (4) Government of India Act, 1919

**40.** Who of the following women was **not** associated with revolutionary movement ?

(1) Bina Das (2) Kalpana Dutt

(3) Madam Bhikaji Cama (4) Toru Dutt

**41.** In which session of Indian National Congress, Sarojini Naidu was elected as its President ?

(1) Delhi session, 1918 (2) Gaya session, 1922

(3) Kanpur session, 1925 (4) Madras session, 1927

**36.** ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी के शासन के दौरान निम्नलिखित में से किसने पहली बार व्यवस्थित प्रेस नियम प्रतिपादित किया ?

(1) लार्ड वारेन हेस्टिंग्स (2) लार्ड कार्नवालिस

(3) सर जॉन शार (4) लार्ड वेलेजली

**37.** 1886 से 1919 के मध्य उच्च न्यायालय कहाँ स्थापित हुए ?

(1) बम्बई, मद्रास और कलकत्ता (2) इलाहाबाद, पटना और लाहौर

(3) मद्रास, कलकत्ता और इलाहाबाद (4) बम्बई, पटना और लाहौर

**38.** निम्नलिखित में से कौन, चम्पारण सत्याग्रह के दौरान महात्मा गांधी के साथ **नहीं** था ?

(1) अनुरुद्ध नारायण सिन्हा (2) बृज किशोर प्रसाद

(3) राजेन्द्र प्रसाद (4) रवि शंकर व्यास

**39.** किस अधिनियम के अन्तर्गत भारत में आई.सी.एस. भर्ती परीक्षा का प्रावधान था :

(1) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1861 (2) इंडियन काउंसिल्स एक्ट, 1893

(3) मॉर्ले-मिन्टो रिफॉर्म्स, 1909 (4) गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट, 1919

**40.** निम्नलिखित में से कौनसी महिला, क्रांतिकारी आन्दोलन से संबद्ध **नहीं** थी ?

(1) बीणा दास (2) कल्पना दत्त

(3) मैडम भीकाजी कामा (4) तोरू दत्त

**41.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में, सरोजिनी नायडू इसके अध्यक्ष के रूप में चुनी गईं ?

(1) दिल्ली अधिवेशन, 1918 (2) गया अधिवेशन, 1922

(3) कानपुर अधिवेशन, 1925 (4) मद्रास अधिवेशन, 1927

**42.** Who among the following threw a bomb on the Central Legislative Assembly on 8 April 1929 ?

(1) Bhagat Singh and Rajguru (2) Sukhdev and Rajguru

(3) Bhagat Singh and B. K. Dutta (4) Rajguru and B. K. Dutta

**43.** As a result of the Poona Pact the number of seats reserved for the Depressed Classes out of general electorate seats were :

(1) Decreased (2) Retained at the same level

(3) Abolished (4) Increased

**44.** Who of the following was **not** associated with Civil Disobedience Movement ?

(1) C. Rajgopalachari (2) Abbas Tayabji

(3) Sarojini Naidu (4) Lala Hardyal

**45.** How many countries attended the first summit meeting of the Non - Alignment Movement held in 1961 ?

(1) 22 (2) 24 (3) 27 (4) 30

**46.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| **List - I (Authors)** | | **List - II (Writings)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Marc Bloch | (i) | of Grammatology |
| (b) | J. H. Robinson | (ii) | The Historians craft |
| (c) | Antonio Gramsci | (iii) | Prison Notebooks |
| (d) | Jacques Derrida | (iv) | The New History |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**42.** निम्नलिखित में से किसने 8 अप्रैल 1929 को विधान सभा पर बम फेंका ?

(1) भगतसिंह और राजगुरु
(2) सुखदेव और राजगुरु
(3) भगतसिंह और बी.के. दत्त
(4) राजगुरु और बी.के. दत्त

**43.** पूना पैक्ट के परिणाम स्वरूप, कुल निर्वाचन क्षेत्र की सीटों में से दलित वर्ग के लिए आरक्षित सीटों की संख्या :

(1) घटाई गई
(2) उसी स्तर पर रखी गई
(3) समाप्त कर दी गई
(4) बढ़ाई गई

**44.** निम्नलिखित में से कौन सविनय अवज्ञा आन्दोलन से संबद्ध **नहीं** था ?

(1) सी. राजगोपालाचारी
(2) अब्बास तैयबजी
(3) सरोजिनी नायडू
(4) लाला हरदयाल

**45.** 1961 में सम्पन्न हुए प्रथम गुट-निरपेक्ष आन्दोलन की शिखर बैठक में कितने देश सम्मिलित हुए थे ?

(1) 22
(2) 24
(3) 27
(4) 30

**46.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I (लेखक)** | | **सूची - II (पुस्तक)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | मार्क ब्लोख | (i) | ऑफ ग्रामेटॉलोजी |
| (b) | जे.एच. रोबिन्सन | (ii) | द हिस्टोरियन्स क्राफ्ट |
| (c) | एन्टॉनियो ग्रामशी | (iii) | प्रिजन नोटबुक्स |
| (d) | जैक्स दरीदा | (iv) | द न्यू हिस्ट्री |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**47.** Of the following, which criterion was **not** laid down by the Preparatory Committee of the first NAM conference for the member countries :

(1) To follow an independent policy

(2) Not to be a member of multi-lateral alliances

(3) To severe all the existing alliances

(4) If conceded military bases, they should not be meant for super - power conflict

**48.** Who among the following prime ministers of India told a journalist that : 'The congress has become moribund, 'adding' sometimes I feel that even the parliamentary system has become moribund'.

(1) V. P. Singh (2) Indira Gandhi

(3) Lal Bahadur Shastri (4) H. D. Deve Gowda

**49.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** During the 18th century Indian scholars came in close contact with the rich storehouse of Western literature.

**Reason (R) :** In respect of the development of vernacular literature, the Indian scholars inbibed new ideas, new literary forms, new methods and technique.

In the context of the above two statements, which one of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is correct.

**47.** सदस्य देशों के लिए प्रथम नाम (NAM) सम्मेलन की तैयारी समिति द्वारा निम्नलिखित में से किसे **नहीं** रखा गया था?

(1) स्वतंत्र नीति को अपनाना

(2) बहुपक्षीय गठजोड़ का सदस्य न होना

(3) सभी मौजूदा गठजोड़ों को तोड़ना

(4) सैन्य अड्डों को स्वीकर करते हैं तो महाशक्ति विवाद हेतु उसका अभिप्राय नहीं है।

**48.** निम्नलिखित में से भारत के किस प्रधानमंत्री ने एक पत्रकार से कहा कि 'कांग्रेस मरणासन्न हो गई है', और जोड़ा कि 'कभी-कभी मुझे महसूस होता है कि संसदीय प्रणाली भी मरणासन्न हो गई है।'

(1) वी.पी. सिंह

(2) इन्दिरा गांधी

(3) लाल बहादुर शास्त्री

(4) एच.डी. देवेगौड़ा

**49.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार कीजिए :

**कथन (A) :** 18 वीं सदी के दौरान भारतीय विद्वान पश्चिमी साहित्य के समृद्ध भंडार के निकट संपर्क में आये।

**कारण (R) :** स्थानीय भाषा के विकास के संबंध में भारतीय विद्वानों ने नवीन विचार, नवीन साहित्यिक विधाएँ, नयी विधियाँ तथा तकनीक ग्रहण कीं।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**50.** The idea of progress gained ground in the writings of :

(1) Medieval church historians

(2) 18th century Enlightenment historians

(3) 19th century nationalist historians

(4) None of the above

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**50.** किसके लेखन में विकास के सिद्धान्त को आधार मिला?

(1) मध्यकालीन चर्च इतिहासकार

(2) 18वीं सदी के प्रबुद्ध इतिहासकार

(3) 19वीं सदी के राष्ट्रवादी इतिहासकार

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide